**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–22.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए कल होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। वोटों की गिनती सवेरे आठ बजे से शुरु होगी। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी और फिर ईवीएम के मतों को गिना जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पोस्टल बैलेट और ईवीएम के मतों की गिनती के लिए अलग–अलग हॉल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सवेरे साढ़े नौ बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे।

******************

सभी चौबीस जिला मुख्यालयों में बनाए गए मतगणना केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सीसीटीवी के माध्यम से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया के मतगणना केंद्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की इजाजत नहीं होगी। मतगणना केंद्र से कोई व्यक्ति एक बार बाहर निकलता है तो उसे दुबारा प्रवेश करने की इजाजत नहीं मिलेगी।

******************

रांची जिले के सात विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, मांडर , सिल्ली और तमाड विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती कृषि बाजार समिति पंडरा में की जानी है। चुनाव आयोग और जिला प्रशासन द्वारा मतगणना को लेकर अंतिम तैयारी पूरी कर ली गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

******************

उधर, गुमला जिले में भी मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच कल सवेरे आठ बजे से मतों की गिनती शुरु होगी।

******************

उधर, गढ़वा जिले में भी मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

******************

कल मतगणना के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन और कई मंत्रियों तथा पूर्व मंत्रियों समेत एक हजार दो सौ ग्यारह प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। इन प्रत्याशियों में एक सौ अठाईस महिलाएं भी शामिल हैं।

******************

जामताड़ा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ चुनाव आयोग के निर्देश पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया गया है। जिले की एफएसटी टीम ने स्थानीय थाने में यह प्राथमिकी दर्ज कराई है। भारतीय जनता पार्टी ने इरफान अंसारी द्वारा महिला कार्यकर्ताओं पर अभद्र टिप्पणी किए जाने की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में दर्ज कराई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

******************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से कल दिनभर मतगणना को लेकर जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा की शुरुआत सवेरे पौने नौ बजे से होगी जो रांची और दिल्ली से प्रसारित समाचार अवधि को छोड़ कर शाम चार बजे तक जारी रहेगी। कल रांची से प्रसारित होने वाले 10 मिनट के प्रादेशिक समाचारों की अवधि 15 मिनट और 5 मिनट के समाचार की अवधि बढाकर 10 मिनट कर दी गयी है। इसके अलावा विशेष चुनाव बुलेटिन की अवधि भी दो मिनट से बढ़ाकर पांच मिनट कर दी गयी है। रात आठ से साढ़े आठ बजे तक मतगणना पर विशेष जीवंत परिचर्चा भी प्रसारित की जायेगी।

*******समाप्त*******